पाठ - 22

दुनिया मेरे घर में

बताओ

Q1. क्या तुम्हारे घर में भी पंखा, टी.वी., समाचारपत्र, कुर्सी या किसी और चीज को लेकर झगड़े होते हैं?

उत्तर : हाँ, कभी-कभी मेरे और मेरी बहन में ऐसे झगड़े होते हैं।

Q2. तुम्हारे घर के ऐसे झगड़े कौन सुलझाता है?

उत्तर : ऐसे झगड़े हमलोग आपस में ही सुलझा लेते हैं।

Q3. अपने घर के ऐसे झगड़ों के बारे में कोई मजेदार किस्सा सुनाओ।

उत्तर : एक बार टी.वी. पर क्रिकेट मैच आ रहा था तथा दूसरे चैनल पर फिल्मफेयर अवार्ड का प्रोग्राम। मैं क्रिकेट मैच देखना चाह रहा था जबकि मेरी दीदी फिल्मफेयर अवार्ड का प्रोग्राम देखना चाह रही थी। इसलिए हम दोनों में झगड़ा हो गया। फिर हमदोनों ने मिलकर फैसला किया कि चूंकि फिल्मफेयर अवार्ड का प्रोग्राम एक घंटे में खत्म हो जायेगा इसलिये दीदी उस प्रोग्राम को देखेगी तथा ब्रेक के समय मैं मैच का स्कोर देहूँगा। फिल्मफेयर अवार्ड का प्रोग्राम खत्म हो जाने के बाद मैं पूरे मैच को देखूगा।।

Q4. क्या तुमने कहीं और एक ही चीज के लिए लोगों को आपस में झगड़ते देखा है? किस बात पर?

उत्तर : हाँ, कई बार ट्रेनों में सीट के लिए लोगों को आपस में झगड़ते हुए देखा है।

Q5. तुम्हें क्या लगता है, अक्षय क्या करेगा?

उत्तर : मुझे लगता है कि अक्षयं पानी पी लेगा।

Q6. अक्षय उलझन में क्यों पड़ गया?

उत्तर : अक्षय उलझन में इसलिए पड़ गया क्योंकि उसकी दादी-माँ ने उसे अनिल के घर कुछ भी खाने-पीने से मना किया था।

Q7. अक्षय की दादी-माँ ने उसे अनिल के घर का पानी तक पीने के लिए मना क्यों किया होगा?

उत्तर : अक्षय की दादी-माँ पुराने ख्यालों की थीं, तथा उसके परिवार तथा अनिल के परिवार के रीति-रिवाज अलग-अलग थे। इसलिये अक्षय की दादी-माँ ने अक्षय को अनिल के घर के पानी तक पीने के लिए मना किया होगा।

Q8. क्या तुम किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हो, जो अक्षय की दादी-माँ की तरह ही सोचते हैं?

उत्तर : हाँ, मेरे एक दोस्त की दादी-माँ भी अक्षय की दादी-माँ की तरह ही सोचती हैं।

Q9. क्या तुम अक्षय की दादी-माँ से सहमत हो?

उत्तर : नहीं, मैं अक्षय की दादी माँ से कतई सहमत नहीं हूँ।

Q10. तुम्हारी राय में अक्षय को क्या करना चाहिए?

उत्तर : मेरी राय में अक्षय को पानी पीना चाहिए।

Q11. क्या तुम्हारे या किसी दोस्त के परिवार में ऐसी बातें होती हैं? तुम इस बारे में क्या सोचते हो?

उत्तर : नहीं, मेरे या मेरे किसी दोस्त के परिवार में ऐसी बातें नहीं होती हैं। मैं सोचता हूँ कि. किसी के यहाँ भी ऐसा नहीं होना चाहिए।

Q12. क्या लड़का-लड़की और आदमी-औरत के लिए अलग-अलग नियम होने चाहिएँ?

उत्तर : नहीं, दोनों के लिए एक जैसे नियम होने चाहिए।

Q13. सोचो-अगर लड़कियों के लिए बनाए गए नियम, लड़कों पर और लड़कों के लिए बनाए गए नियम लड़कियों पर लागू हों, तो क्या होगा?

उत्तर : इससे सभी को परेशानी होगी।

पीलू मामी

Q1. अपनी कल्पना से, इस कहानी का अंत बदलकर कॉपी में लिखो।

उत्तर : पीलू मामी ने कुल्फीवाले को पाँच कुल्फी के हिसाब से ही पैसे दिये और बचे हुए पैसे से दूसरी चीजें खरीदकर खाया। बच्चों ने इस बात को गलत माना, उन्होंने मिलकर पीलू मामी को समझाया, तब जाकर पीलू मामी ने कुल्फी वाले को पूरे पैसे दिये। कुल्फी वाले ने खुश होकर बच्चों को काफी दुआएँ दी। परन्तु उस दिन से पीलू मामी की बेईमानी। सभी बच्चों के समझ में आ गई।

Q2. क्या तुम्हारे परिवार में भी कोई पिलू मामी की तरह है? कौन?

उत्तर : हाँ, मेरे घर में मेरी माँ पीलू मामी की तरह हैं। कई बार बाजार में दुकान वाले गलती से कम पैसे बतलाते हैं लेकिन मेरी माँ उसे ठीक कर पूरे पैसे देती है।

Q3. अगर पिलू मामी कम पैसे देकर वहाँ से चलीं जातीं, तो बच्चे इस बारे में क्या सोचते? तुम इस बारे में क्या सोचते हो?

उत्तर : बच्चे सोचते कि पीलू मामी गलत तथा बेईमान हैं। मेरी भी यही सोच है।

मुझे यह अच्छा नहीं लगता

Q1. क्या तुम्हें भी कभी किसी का छूना बुरा लगा है?

उत्तर : मुझे गंदे लोंगों का छूना बुरा लगता है।

Q2. किसका छूना तुम्हें अच्छा नहीं लगा?

उत्तर : एक बार मुझे एक गंदे लड़के ने छू लिया था, जो मुझे अच्छा नहीं लगा

Q3. अगर तुम रितु की जगह होते, तो क्या करते?

उत्तर : अगर मैं रितु की जगह होता तो अपनी सहेली की मामा से नहीं डरता।

Q4. ऐसा होने पर और क्या किया जा सकता है?

उत्तर : डरने का कारण पता लगाया जा सकता है।

Q5. सभी का छूना एक जैसा नहीं होता। जब मीना के मामा रितु का हाथ पकड़ते थे, तब उसे अच्छा नहीं लगता था, लेकिन उसे मीना का हाथ पकड़ना अच्छा लगता था। सोच कर बताओ, ऐसा अंतर क्यों था?

उत्तर : कुछ लोगों की आकृति डरावनी होती है, इसलिये कई बच्चे उनसे डर जाया करते हैं। संभवतः मीना के मामा की आकृति भी डरावनी रही होगी। इसलिए रीतु मीना के मामा से डर जाती थी। रीतु मीना से नहीं डरती थी इसलिये मीना का हाथ पकड़ना उसे अच्छा लगता था।